संख्या-1/2015/63/चालीस-2015-बजट(04)/14

प्रेषक,

प्रभात मित्तल,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
सहारनपुर मण्डल,
सहारनपुर।

राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग लखनऊ : दिनांक 02 फरवरी, 2015

विषय - अन्तर्जातीय विवाहित दम्पति को प्रोत्साहन पुरस्कार देने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपके पत्र संख्या-1021/पी0 ए0, दिनांक 20-1-2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 अन्तर्जातीय/अन्तर्धार्मिक विवाहित दम्पति को प्रोत्साहन प्रदान करने सम्बन्धी नियमावली, 1976 सपठित संशोधन विज्ञप्ति संख्या-402/चालीस-10-(27)/2006, दिनांक 30 मार्च, 2010 तथा "पुरस्कार की धनराशि" को संशोधित कर रू0 50,000/-(पचास हजार मात्र) किए जाने सम्बन्धी संशोधन विज्ञप्ति संख्या-354/चालीस-2013-20(27)/2006, दिनांक 21 मार्च, 2013 में दी गई शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक में अन्तर्जातीय विवाहित दम्पति को प्रोत्साहन हेतु प्रावधानित धनराशि रू0 60,00,000/- के सापेक्ष अवशेष धनराशि में से सहारनपुर मण्डल के लिए रू0 3,00,000/- (रू0 तीन लाख मात्र) की धनराशि को स्वीकृत करते हुए आपके निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त धनराशि उ0प्र0 अन्तर्जातीय/अन्तर्धार्मिक विवाहित दम्पति को प्रोत्साहन देने की नियमावली, 1976 के नियम-5 के अधीन दी गयी शर्तो के अधीन स्वीकृत की जा रही है।

3- उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या- 53 के अधीन लेखाशीर्षक 2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्तर-800-अन्य व्यय-01-केन्द्रीय आयोजनागत/केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजनायें-0102- अन्तर्जातीय विवाह जिसमें दम्पति का एक सदस्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का हो, प्रोत्साहित करने हेतु केन्द्र पुरोनिधानित योजनान्तर्गत नकद पुरस्कार (के.50 प्रतिशत + रा. 50 प्रतिशत) -20 सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा ।

4- स्वीकृत धनराशि का आहरण करने के पश्चात उपयोगिता प्रमाण पत्र डी0डी0ओ0 शीट की प्रमाणित छाया प्रति के साथ शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

5- यह आदेश वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित अधिकारों के तहत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(प्रभात मित्तल)
सचिव।

संख्या-1/2015/63(1)/चालीस-2015-बजट(04)/14, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
(2) जिलाधिकारी, शामली/मुजफ्फरनगर/सहारनपुर।
(3) प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
(4) वरिष्ठ आडिट आफिसर (आडिट एवं प्लानिंग), कार्यालय महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, सत्यनिष्ठा भवन-15, नार्थ हिल रोड, इलाहाबाद।
(5) वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, जनपद शामली/मुजफ्फरनगर/सहारनपुर।
(6) वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1/वित्त(व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9, उ0प्र0 शासन।
(7) गार्ड बुक/बजट सहायक।

आज्ञा से,

(राम लखन)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।